कम्युनिटी किचन

महत्वपूर्ण

संख्या–334 / एक–11–2021–198 / 2020

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**राजस्व अनुभाग–11** **लखनऊ : दिनांक 05 मई, 2021**

**विषय– कोविड–19 की द्वितीय लहर के दृष्टिगत संचालित कम्युनिटी किचन की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्यक्त विषय पर अवगत कराना है कि कोविड–19 की द्वितीय लहर के दृष्टिगत पूर्व में स्थापित आश्रय स्थलों तथा कम्युनिटी किचन को पुनः क्रियाशील किये जाने तथा संचालन स्थल, इन्चार्ज का विवरण, प्रतिदिन बनाये जा रहे भोजन के वितरण आदि का विवरण राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट rahat.up.nic.in पर फीड किये जाने के निर्देश शासनादेश संख्या–329 / एक–11–2021 दिनांक 04.05.2021 द्वारा दिये गये हैं।

2. जनपदों में सरकारी / गैर सरकारी / स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित कम्युनिटी किचन का पता, कम्युनिटी किचन के इन्चार्ज का नाम व मोबाइल नंबर, संचालित कम्युनिटी किचन की संख्या, लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या आदि का विवरण निर्धारित संलग्न प्रारूप पर फीड किया जाना है।

3. अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने जनपद में **संचालित कम्युनिटी किचन का विवरण** / सूचना संलग्न प्रारूप पर प्रतिदिन सायं 8.00 बजे तक राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट rahat.up.nic.in पर फीड किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः– यथोक्त

5-5-21

भवदीय,

05/5/21

( रेणुका कुमार )
अपर मुख्य सचिव।

GO-R-11/2021-132

# सरकारी/गैर सरकारी/स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित कम्युनिटी किचन का विवरण

## प्रारूप

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निःशुल्क पका भोजन/पैकेट का वितरण | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सरकारी कम्युनिटी किचन | | | | | | गैर सरकारी/स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित कम्युनिटी किचन | | | | |
| | | कम्युनिटी किचन का पता | कम्युनिटी किचन के इन्चार्ज का नाम, पदनाम, व मोबाइल नं0 | वितरण का दिनांक | वितरण का मोहल्ला/ क्षेत्र का नाम | वितरित फूड पैकेट की संख्या | फूड पैकेट वितरित व्यक्तियों की संख्या | कम्युनिटी किचन का पता | कम्युनिटी किचन के इन्चार्ज का नाम, व मोबाइल नं0 | वितरण का मोहल्ला / क्षेत्र का नाम | वितरित फूड पैकेट की संख्या | फूड पैकेट वितरित व्यक्तियों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |